सार-समाचार

धोरीमन्ना में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह

धोरीमन्ना, (निसं)। आदि गौड ब्राह्मण समाज भवन धोरीमन्ना में शनिवार को 40 वर्ष की गौरवमई सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य व आदि गौड ब्राह्मण समाज धोरीमन्ना के सचिव ओमप्रकाश बबेरवाल सनावडा कलां का सेवा निवृत्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। आदि गौड ब्राह्मण समाज धोरीमन्ना ने भव्य स्वागत अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश बबेरवाल का साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं स्नेह मिलन व भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण बबेरवाल पूर्व अध्यक्ष, भेरूलाल सिडोलिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हनुमान नाकडा अध्यक्ष गुडामालानी, नेमीचंद भरिडवाल, बाबूलाल सिडोलिया परशुराम सेना जिला अध्यक्ष, बद्री नारायण गील, उपाध्यक्ष,रामलाल सिडोलिया नवयुवक मंडल अध्यक्ष,रामाराम सिडोलिया कोषाध्यक्ष, जगदीश बबेरवाल वार्ड पार्षद, श्रीराम इन्दोरिया, गोतम शर्मा,खारी, प्रकाश पारीक, धर्मेन्द्र पारीक पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, भाजपा जिला महामंत्री केसाराम सुथार, वन्य जीव पर्यावरण जिला अध्यक्ष जयकिशन भादू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सेठिया, जिला चिकित्सा अधिकारी डाक्टर विष्णु राम विश्नोई, नवचयनित प्रशासनिक अधिकारी सोहनलाल राजपुरोहित, गणेशाराम सिडोलिया, आदि गौड ब्राह्मण समाज भवन निर्माण के भामाशाह नरसिंह राम भरीडवाल सेवा निवृत्त वन अधिकारी, कालूराम सिडोलिया, केसाराम बबेरवाल, मांगीलाल बबेरवाल, पारसाराम भरीडवाल,आईदान राम, अशोक कुमार सह सचिव रामनारायण नारुडा निमार्ण मंत्री,उदय बबेरवाल व्यवस्था पक, शंकरलाल मारवाल सहित समाज बंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सेवानिवृत कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बबेरवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में संस्कारों का महत्व बताया।

हॉकी संघ जालोर प्रति. की तैयारी में जुटा

जालोर, (कासं)। हॉकी इंडिया द्वारा भारतीय हॉकी की 100 वर्ष की उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। 7 नवंबर को पूरे देश के 500 से अधिक जिलों में हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों खिलाडी और प्रशंसक भाग लेंगे। हॉकी संघ जालोर भी इस आयोजन में शामिल हो रहा है और जिले में पुरुष और महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इस अवसर पर हॉकी के दिग्गज खिलाडियों को सम्मानित किया जाएगा । मुख्य समारोह का केंद्र मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली होगा, जहां एक प्रदर्शनी मैच और एक भावनात्मक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की और महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने कहा कि हॉकी हमेशा से भारत की जनता का खेल रहा है और यह उत्सव हर उस प्रशंसक, खिलाडी और कोच के लिए है जिन्होंने इस भावना को जीवित रखा है। वही जालोर जिले में 7 नवंबर को सुबह 8 बजे से 12 बजे के बीच भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर लाल सिंह राजपुरोहित गोविन्दला अध्यक्ष हॉकी जालोर ने कहा कि हॉकी राजस्थान के महासचिव अरुण कुमार सारस्वत के निर्देशानुसार हॉकी राजस्थान के साथ हॉकी जालोर भी एक सदी पूरी और एक नया युग शुरू होने को तैयार है। हॉकी जालोर के सचिव मदन सिंह राठौड ने बताया की यह हॉकी और उत्साह का पर्व होगा-हमारे लिए और हमारे लोगों के लिए। आइए, हम सब इस जश्न में शामिल हों और भारतीय हॉकी की सौ वर्ष की गौरवगाथा का हिस्सा बनें।

महिलाओं को कुटुंब प्रबोधन का संदेश

रेवदर, (कासं)। संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त विद्या भारती राजस्थान द्वारा सप्त शक्ति संगम (मातृ सम्मेलन) कार्यक्रम का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक रेवदर से सम्पर्कित आठ पोषक ग्राम किया गया। कार्यक्रम बासन, विकनवास, दांतराई, अमरापुरा, रामपुरा, मालपुरा, धवली सहित मीठन गंव में आयोजित किया गया। सभी गांवों में कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर करवाया गया। कार्यक्रम के मंच संचालन से लेकर अंत तक की सारी व्यवस्था विद्या मंदिर आचार्याओ द्वारा की गई। इसके पश्चात् विद्या मंदिर की आचार्याओ द्वारा ही कुटुंब प्रबोधन विषय पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सातों शक्तियों - ज्ञान, कला, संस्कार, स्वास्थ्य, अनुशासन, सेवा और आत्मविश्वास -का समन्वय स्थापित करना रहा। अतिथियो ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों के जीवन में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिवार एवं समाज के निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथी बहनों द्वारा सुंदर गीत एवं समूहगान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट माताओं का बहुमान भी किया । प्रश्न मंच के माध्यम से भारत की विशेष नारियों के प्रश्न पूछकर सही उत्तर देने वाली महिलाओं का उपहार देकर सम्मान किया गया। अंत में उपस्थित सभी माता बहिनों ने अपने कर्त्तव्य निर्वहन हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी आचार्याओं तथा माताओं-बहनों का सहयोग सराहनीय रहा। संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी विद्या मंदिर मीडिया प्रभारी रामा राम कोली द्वारा दी गई।

निरीक्षक बनने पर खदाव का स्वागत

पोकरण, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के लाठी पुलिस थाने के थानाधिकारी राजेन्द्र खदाव को उनकी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत किए जाने पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। थाने पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाडों की थाप पर थानाधिकारी का अभिनंदन किया और मिठाई बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की। सामाजिक कार्यकर्ता सलमान खान ने बताया कि राजेन्द्र खदाव ने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार छवि के कारण ही उन्हें यह पदोन्नति मिली है। पत्रकार गोविन्द पंवार ने बताया कि थानाधिकारी खदाव पिछले बारह माह से लाङ्गी पुलिस थाने में सेवाएं दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद उन्होंने सेना और सुरक्षा एजेंसियों के साथ सामंजस्य रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखी, जिससे क्षेत्र का माहौल भयमुक्त रहा। सामाजिक कार्यकर्ता सलमान खान, भाजपा नेता श्रवण पुनिया, सुंदरलाल दर्जी, हाजी दाऊद खान, अजीज खां, मोयब खां, अवतार सिंह भाटी, धर्मेन्द्र पंवार सहित कई जने मौजूद रहे। थानाधिकारी को पदोन्नति की शुभकामनाएं दी।

बालोतरा में फॉलोअप कैम्प आज से

बालोतरा, (निसं)। शहरी सेवा शिविर-2025 में प्राप्त लंबित आवेदनों और प्रकरणों के निस्तारण के लिए बालोतरा में फॉलोअप कैम्प का आयोजन 3 नवंबर से किया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर के आदेशों की पालना में यह निर्णय लिया गया है। नगर परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता ने बताया कि नगर परिषद बालोतरा क्षेत्र में फॉलोअप शिविर का आयोजन 3 नवंबर से 7 नवंबर तक वार्ड संख्या 1 से 45 तक कार्यालय नगर परिषद बालोतरा परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी सेवा शिविर-2025, जो दिनांक 17 सितम्बर को शुरू होकर 17 अक्टूबर को समाप्त हो गया था, इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी लंबित मामलों का निस्तारण इन फॉलोअप कैम्पों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संचालन के लिए राजस्व अधिकारी जितेन्द्र चौकीदार को प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अभियंता रवि राय दैय्या को सह-प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम हुआ

रेवदर, (निसं)। नगर के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक भटाना की ओर से पोषक ग्राम भेरूगढ, ढीबडी व मैथीपुरा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सैकडों माता बहिनों ने भाग लिया। मैथीपुरा, ढीबडी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विमला कुमारी ने पंच परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी कराई, साथ ही भेरूगढ कार्यक्रम के वक्ता पुष्पा कुंवर ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण से लेकर विषय को प्रस्तुत किए। ढिबडी सरपंच मरगा देवी मैथीपूरा समाज सेवी रेखा देवी ने सामाजिक समरसता से संबंधित विचार विमर्श किए। साथ में प्रधानाचार्य के सानिध्य में विद्या मंदिर के भैया बहिनों का शैक्षिक वन भ्रमण सुंधा माता मंदिर जालोर संपन्न हुआ ।

परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन जिले में स्थित 20 परीक्षा केंद्रों पर हुआ, जिसकी उपस्थिति 84.23 प्रतिशत रही। परीक्षा समन्यवक व अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह ने बताया कि रविवार को प्रात: 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक आयोजित होने वाली ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा में 6168 अभ्यर्थियों में से 5195 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे जिनकी 84.23 उपस्थिति रही तथा 973 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा पाली जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

पीपा क्षत्रिय समाज के 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जोधपुर, (कासं)। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज का 22 वां सामूहिक विवाह समारोह रविवार कार्तिक सुदी ग्यारस तुलसा ग्यारस को राधाकृष्णन पुरम योजना प्रशासनिक भवन के सामने लहरिया रिसोर्ट के पास आयोजित हुआ।

अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा व सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि समारोह को लेकर आज प्रात: समाज के लोगों की उपस्थिति में विधिवत सामूहिक विवाह समारोह का शुभारम्भ किया गया। इसको लेकर समाज के लोगों में जबर्दस्त उत्साह रहा। सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि इस बार 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

सामूहिक विवाह के सभी कार्यक्रम वैदिक रीति रिवाज़ से दिन में आयोजित किये गए। बारात प्रात: 9 सुगन रिसोर्ट से गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। इसमें वर पक्ष के लोग शामिल होकर विशाल बारात के साथ विवाह स्थल पहुंचे। सवा ग्यारह बजे समस्त पीपा क्षित्रय न्याति कार्यकारिणी सदस्यों सहित कन्या पक्ष के परिजनों द्वारा बारात का स्वागत परम्परागत तरिके से किया गया। वरमाला की रस्म के बाद पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन हुआ। सांय सवा चार बजे वर-वधू को समारोह पूर्वक उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।

इस सामूहिक विवाह समारोह में जोधपुर सहित बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, पाली, पोकरण, नागौर, शेरगढ़, ब्यावर, अहमदाबाद, जयपुर, चैनई , बैंगलोर के लोग शामिल हुए । करीब आठ हजार लोगों की भागीदारी रही सभी के लिए सामूहिक प्रसादी की व्यवस्था रखी गई।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल, उपाध्यक्ष लिखमाराम परिहार, कोषाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रमल गोयल, सहसचिव अनोपचन्द चावड़ा, उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमार चौहान, कार्यकारिणी सदस्य अजाराम टांक, मोहनलाल सोलंकी, दिलीप सोलंकी, नरेंद्र कुमार सोलंकी,दुर्गाराम पंवार, सियाराम पंवार, गजेंद्र चौहान तथा पृथ्वीराज चौहान भोजराज तंवर, अशोक चावडा, तुलसीराम गोयल, मोहनलाल सोलंकी, गजेंद्र दहिया, पुनाराम गोयल, ओमप्रकाश तंवर, हरीश तंवर, डॉ.विजयलक्ष्मी गोयल, शिल्पी सोलंकी द्वारा अलग अलग व्यवस्थाएं निभाई गई।

नवविवाहित वर वधु को सामाजिक कार्यकर्ता विजयलक्ष्मी गोयल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई ! सभी वर-वधु को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। ट्रस्ट कार्यकारिणी व समाज बंधुओ के द्वारा नववाहित जोड़ों को विभिन्न उपहार भी भेंट किए गए।

समाजसेवी व उद्योगपति मूलाराम गोयल द्वारा नव विवाहित वधुओं को भूखंड भेंट किया गया। नवविवाहितों को आशीर्वाद देने सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, भाजपा शहर अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र कच्छावा, जगत नारायण जोशी, पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई, उपमहापौर किशन लड्ढा, विद्या भारती प्रान्त सचिव महेंद्र दवे, सत्यम गिरी महाराज, वरिष्ठ कांठोस नेता राजेंद्र सिंह सोलंकी, करण सिंह उचियाड़ा, शहजाद अय्यूब खान, अतिरिक्त महाधिवक्ता नाथू सिंह राठौड़ आदि द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया।

सामूहिक विवाह समारोह में पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र चौहान, भंवरलाल दहिया, मनोहर लाल गोयल, पूर्व सचिव संजय सोलंकी, अशोक गोयल, देवाराम परिहार, प्रकाश पवार, तेजाराम राखेचा, पार्षद कब्बूलाल दहिया, लाला राम भाटी, श्यामलाल दहिया, मोतीलाल सोलंकी, जगदीश तवर, महेंद्र दहिया, टी सी चौहान, गजेंद्र दहिया, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता महेंद्र चौहान, भंवर लाल गोयल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग प्रदान किया।

डॉ. पालीवाल ने चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ व नाचना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्नू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों व विभागीय कार्मिकों को टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन करने व टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाडो योजना व जननी सुरक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों को अविलंब प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों के प्रबंधन, क्षेत्र में एंटी लार्वा गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, चिकित्सा संस्थान में नि:शुल्क दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की हो रही जांचों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कार्य क्षेत्र में मौसमी बीमारियों मलेरिया डेंगू आदि से बचाव के लिए बेहतर प्रबंधन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर कोई भी लापरवाही या कमी सामने आती है तो चिकित्सा संस्थान के प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने चिकित्सा संस्थान मोहनगढ़ में बीपीएचयू के निर्माणाधीन भवन का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों के लेबर रूम व वार्डो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डॉ. पालीवाल ने निरामय राजस्थान कार्यक्रम व तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन का कार्यक्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर जन जागरूकता के कार्य को गति प्रदान देने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी स्क्रीनिंग कार्य, आभा आईडी निर्माण कार्य, नियमित टीकाकरण कार्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की , डॉ. पालीवाल ने एनसीडी स्क्रीनिंग के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना आदि विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्धारित कार्य योजना अनुसार नियमित टीकाकरण तथा संस्थागत प्रसव के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए तथा मिसिंग डिलीवरी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर पोर्टल इंद्राज करने की बात कही।

अन्नकूट आज

पाली, (नि.सं.)। श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज, रजत नगर, पाली द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन सोमवार, दिनांक 3 नवम्बर 2025 को सायं 6:15 बजे से रजत नगर समाज भवन में किया जा रहा है।

समाज के महामंत्री सुनील जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वार्षिक धार्मिक एवं सामाजिक पर्व समाजिक एकता, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है।

महिलसभा अध्यक्ष ज्योति त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि गौतम जी की आरती से सायं 6:15 बजे होगा, जिसके उपरांत अन्नकूट प्रसादी (भोजन) का आयोजन रखा गया है।

अन्नकूट प्रसादी के भामाशाह के रूप में समाज के सेवाभावी दानदाताओं सत्यनारायण जोशी (अलाय), बनवारी शर्मा एवं मुलचन्द्र उपाध्याय का विशेष योगदान रहेगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में भवन ट्रस्ट, युवक संघ एवं महिला सभा की टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है।

चरखा अभ्यास

जालोर, (कासं)। जालोर चरखा संघ ने रविवार को जालोर के शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम में प्रात 7 से 9 बजे दो घंटे तक चरखा अभ्यास किया।

चरखा संघ जालोर के संयोजक विनय व्यास ने बताया कि चरखा अभ्यास की शुरुआत आज से हुयी है। चरखा अभ्यास में चरखे से सूत कातना और धागा बनाने की कला सिखाना शुरू किया गया है। यह अभ्यास निशुल्क है। इस चरखा अभ्यास के मुख्य प्रशिक्षक गांधीवादी विचारधारा के वाहक जितेन्द्र कसाना है । चरखा अभ्यास का समय प्रात: 7 से 8 बजे तक एक घंटे का निर्धारित किया हुआ था, लेकिन इस चरखा अभ्यास में भाग लेने वाले लोगों की जिज्ञासा और रूचि को देखते हुये चरखा अभ्यास का समय एक घंटा और बढाते हुये 9 बजे तक कुल दो घंटे का चरखा अभ्यास किया गया। आज आयोजित चरखा अभ्यास में चरखे से सूत कातकर और धागा बनाया गया । चरखा अभ्यास में भाग लेने वाले लोगों को चरखे के प्रकारों किसान-चरखा, गाँधी-चरखा, पेटी-चरखा, ट्रावेल-चरखा, बुक-चरखा एवं अम्बर-चरखा के बारे में जानकारी दी गयी। इस चरखा अभ्यास में पेटी-चरखा को उपयोग में लिया गया है। प्रत्येक रविवार को शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम में प्रात: 7 से 9 बजे दो घंटे तक अभ्यास होगा।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए कार्यशाला हुई

जालोर, (नि.सं.)(कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जालोर विधानसभा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभियान जिला संयोजक पुखराज राजपुरोहित, जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, विधानसभा संयोजक गणपतसिंह बगेडिया, स्थानीय मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तमचंद गर्ग, पोषण मंडल अध्यक्ष रघुनाथ राजपुरोहित, सायला मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा एवं जिला उपाध्यक्ष उदयसिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश की आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक में स्वावलंबन की भावना जगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' बनकर हम अपने गांव, शहर और देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। मुख्य वक्ता रविंद्रसिंह बालावत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान युवाओं, किसानों, महिला उद्यमियों और लघु उद्योगों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता है।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने स्थानीय उत्पादन को बढावा देने, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने और रोजगार सृजन के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। वही भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला संयोजक पुखराज राजपुरोहित, व विधानसभा संयोजक गणपतसिंह बगेडिया ने भी सम्बोधित किया।

स्थानीय नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा सहसंयोजक एवं मन की बात जिला संयोजक सुरेश सोलंकी ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व सायला प्रधान रामप्रकाश चौधरी, दीपसिंह धनानी, भवानीसिंह बाकरा, अंबालाल व्यास, मुकेश राजपुरोहित , डिंपलसिंह, जिला मंत्री गीता बारोट, भूरसिंह, जोगेश सैन, दिलीप सोलंकी, महेंद्रसिंह भागली, छगनदास रामावत, सुरेश सुन्देशा, नाथूसिंह तीखी, हर्षवर्धनसिंह बालवाडा, रतन सिंह बालावत,कल्याण सिंह पडियार,हरीश राणावत,बाबूलाल मेघवाल, महेश भट्ट, मोहन चिवडा , दीपेश सिद्धावत, रामसा माली, अमराराम माली, सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तप अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित

पाली, (नि.सं.)। तेरापंथ भवन में आचार्य श्री महाश्रमण जी सुशिष्या साध्वी श्री काव्य लता जी के सानिध्य में तप अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने बताया की इस चातुर्मास काल में हुई अठाई वउसके ऊपर की तपस्या है वह वषीतप करने वाले सभी तपसवियो का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक परिवार केवल चंद जी गौतम चंद जी धनेश कुमार जी विकास जी आकाश जी छाजेड़ परिवार था। कार्यक्रम का मंगलाचरण शिखर चंद चौरडिया ने किया। साध्वी श्री काव्य लता ने चार मार्ग में तप को उत्कृष्ट मार्ग बताया है हर व्यक्ति तपस्या नहीं कर सकता है तपस्या विरल व शक्तिमान व्यक्ति ही कर सकता है। तप से व्यक्ति आभामंडल पवित्र बनता है। तप एक गंगा है जिसमे स्नान करने से व्यक्ति की कषाय मंद करता है। आत्मा कुंदन बनती है तप जीवन का क्षेष्ठ कर है। साध्वी मधुस्मिता जी द्वारा रचित गीत का गीतिका सगान सुरभि प्रभा व राहत प्रभा ने संघान किया। साध्वी ज्योति यशा ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र जी बोहरा ने तेरापंथ धर्म संघ एक ऐसा सघ है जहां अनुशासन आस्था और समर्पण का निजर सतत प्रवाहित होता है। ऐसे तपस्वियों का स्वागत करते हुए मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भगवान महावीर के शासन में अपना नाम स्वर्ण कर अंकित करवा दिया है यह तपस्या का क्रम जीवन की उच्चता प्रदान करता है वह लक्षण मार्ग में निमित्त बनता है कार्यक्रम का मोड़ देते हुए अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने बताया कि आज का दिन तप के साथ-साथ संयम का पवित्र दिन है ।आज से 43 वर्ष पूर्व आचार्य तुलसी ने राणावास में साध्वी काव्या लता जी ने संयम रत्न को प्राप्त किया था। ,

तेरापंथ समाज के सभी श्रावक श्राविकाओं सभी ने सभा महिला मंडल ने साध्वी काव्य लता जी आध्यात्मिक बधाई दी गई। शिखर चंद चौरडिया ने साध्वी मधुस्मिता जी की चैतन तुम्हारा जग गया भाव मय गीत से पूरी सभा को मंत्र मुगध कर दिया।55 तपस्वी का दुपट्टा और मै ममंटो के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

साध्वी श्री सुरभि प्रभा ने साध्वी काव्य लता जी की जीवनी के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। साध्वी श्री राहत प्रभा जी ने साध्वी मधुस्मिता के संदेश का वाचन किया। प्रायोजक परिवार से गोतम चन्द छाजेड़ ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए तपस्वी भाई बहनों की जागरूकता का अभिनंदन और आगे बढ़कर जिन शासन की प्रभाव निमित बनने की बात को व्यक्त किया। डूंगर चंद चोपड़ा हेमराज जी सुंदीचा चंदा खाटेड ने भी अपने विचार व्यक्तकिया। महिला मंडल द्वारा भी साध्वी श्री जी गितिका एक संकल्प त्याग गुलदस्ता भेंट किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश मरलेचा नवीन चौरडिया ने किया। आभार ज्ञापन राहुल गोलछा रितेश सखलेचा किया।

इससे पूर्व साध्वीश्री ने श्रावकों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में पुण्य कर्म प्रधान है। हमको गुटखा खाकर कैंसर को क्यो निमंत्रण दे रहे है। हमारा पुरुषार्थ सही मार्ग पर होना चाहिए। आज संघ के मंत्री माणकराज ललवानी ने गुरूदेव के समक्ष वर्ष 2026 का चातुर्मास जोधपुर में ही रखने की विनती रखी।

उन्होंने संघ के सभीकार्यकताओं, श्रावक-श्राविकाओं को चातुर्मास में भागीदारी करने पर धन्यवाद दिया एवं गलतियों के लिए संघ अध्यक्ष की तरफ से क्षमायाचना मांगी।

इसके बाद पाल क्षेत्र के गणमाण्य समाज बंधुओं ने संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा को अनुरोध पत्र सौंप कर आगामी चातुर्मास जोधपुर के पालरोड क्षेत्र में रखवाने की मांग दोहराई। संघ अध्यक्ष को विनती पत्र देने वालों मे कानराज माहनोत , मनमोहन घीया, गौतम लूंकड, नरेन्द्र चांबड़, अशोक बोहरा, मनमोहन घीया, पाल क्षेत्र के अभिषेक बोहरा,टोलचंद वैद , बाबूलाल कोठारी शामिल थे।

शिवसेना के पूर्व जिला प्रमुख सुरेश जैन ने प्रवचन सभा में नवंबर 2026 तक संयम अंगीकार करने की प्रबल भावना व्यक्त की एवं संघ को मजबूत बनाने का आव्हान किया।

सुमति मुनि से अगला चातुर्मास पाल रोड क्षेत्र में रखने की विनती

जोधपुर, (कासं)। चोरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रावक को अपना पुरुषार्थ गुणों को विकसित करने में लगाना चाहिए। अवसर को खोज कर अपने समय, शक्ति का सदुपयोग करते रहना ही श्रेष्ठ है। सोते हुए व्यक्ति का भाग्य प्रधान होता है एवं जगे हुए व्यक्ति का पुरुषार्थ प्रबल होता है। पुरुष वह है जो अच्छा काम करे लेकिन अभिमान लेश मात्र का नहीं करे। हमारा कोई अपमान कर ही नहीं सकता है, परमात्मा ने तो कष्ट देन वाले को उपकारी माना हैं।

सार-समाचार

प्रताप ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रताप सिंह ने रविवार को जिले में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) सीधी भर्ती परीक्षा 2025 के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर ने अभ्यर्थियों की सुविधाओं को सर्वोपरि मानते हुए परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो एवं परीक्षा प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। जिला कलैक्टर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के साथ सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया एवं पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया कि परीक्षा केन्द्रों के आस-पास कानून-व्यवस्था सुदृढ रहे एवं किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप न होने पाए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं, जिनमें यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सहायता एवं निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

टूटी व निर्माणाधीन सड़कों का कार्य देखा

बालोतरा, (निसं)। मुख्य सचिव के आदेशों और जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशों की अनुपालना में अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बालोतरा जिले सिवाना उपखंड में सड़कों के निर्माण, गुणवत्ता और रखरखाव का व्यापक अवलोकन किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जिले में आमजन के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से उन सड़कों का निरीक्षण किया जो 5 साल की गारंटी अवधि में हैं और क्